NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

No : 133/NCRES/19 Date : 17.05.2019

श्रीमान प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, इलाहाबाद

विषयः– झांसी मंडल के माडल स्टेशन कुलपहाड़ पर टिकट बिक्री का कार्य स्टेशन मास्टर से न कराने के सम्बन्ध मे।

सन्दर्भः– NCRES का पत्र दिनांक 29.03.2019

महोदय,

NCRES ने अपने पत्र दिनांक 29.03.2019 द्वारा अवगत कराया था कि झांसी मंडल का कुलपहाड़ स्टेशन एक माडल स्टेशन के रूप में विकसित किया गया है जहां से भारी संख्या में यात्रियों का अवागमन होता है ऐसे में बुकिंग क्लर्क के रेस्ट के दिन स्टेशन मास्टर से गाड़ियों के परिचालन और टिकट बिक्री का कार्य कराया जाता है जिससे संरक्षा पर विपरीत प्रभाव पड़ता है और समय से टिकट न मिल पाने के कारण तमाम यात्री बिना टिकट यात्रा कर रेल राजस्व का नुकसान करते है।

ज्ञात हुआ है कि आज भी कुलपहाड़ स्टेशन पर बुकिंग क्लर्क के रेस्ट के दिन टिकट बिक्री का कार्य स्टेशन मास्टर से कराकर रेल राजस्व का नुकसान और संरक्षा को खतरे में डाला जा रहा है।

पुनः "संघ" का अनुरोध है कि माडल स्टेशन कुलपहाड़ पर बुकिंग क्लर्क के रेस्ट के दिन रेस्ट गिवर भेजने हेतु उचित आदेश करने का कष्ट करे।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री